ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ, उत्तर प्रदेश (भारत)
Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow, U.P. (India)
U.P. STATE GOVERNMENT UNIVERSITY,
(Recognised Under Section 2(f) & 12(B) of the UGC Act, 1956 & B.Tech. Approved by (AICTE)

"पं0 दीन दयाल उपाध्याय शोध पीठ की प्रगति आख्या"

कुलसचिव महोदय के पत्र संख्याः 43/कुसका/भाविवि/2021, दिनांक 19 जनवरी 2021 को पं0 दीन दयाल उपाध्याय शोध पीठ का गठन किया गया था।

1. माननीय श्री राज्यपाल/कुलाधिपति महोदया द्वारा विश्वविद्यालय में दिनांक 7 फरवरी 2021 को पं0 दीन दयाल उपाध्याय शोध पीठ का उद्घाटन किया गया था। उद्घाटन से पूर्व शोध पीठ के निदेशक तथा समस्त सदस्यों द्वारा शोध पीठ के भवन को पूर्ण रूप से साफ सुथरा किया गया तथा भवन को फर्नीचर आदि से सजाया गया था।
2. शोधपीठ के पुस्तकालय की स्थापना हेतु पुस्तको को क्रय कर के तथा उनको सूचीबद्ध करने के पश्चात् महापुरूषों के चित्रों द्वारा विधिपूर्वक सुसज्जित किया गया एवं छात्रो के उपयोग हेतु तैयार किया गया।
3. पं0 दीन दयाल उपाध्याय जी की पुण्य तिथि पर दिनांक 11 फरवरी 2021 को एक राष्ट्रीय वेबीनार " पं0 दीन दयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद एक चिन्तन" विषय पर आयोजित किया गया। उक्त वेबीनार मे तत्कालीन कुलपति प्रो0 विनय कुमार पाठक जी की अध्यक्षता में मुख्य वक्ता प्रो0 आर0सी0 सिन्हा अध्यक्ष आई0सी0पी0आर0 नई दिल्ली तथा विशिष्ट वक्ता कुमार रत्नम् सचिव आई0सी0पी0आर0 नई दिल्ली द्वारा व्याख्यान दिया गया। इस कार्यक्रम की समन्वयक प्रो0 चन्दना डे थी।
4. पं0 दीन दयाल उपाध्याय शोध पत्रिका का प्रकाशन भी प्रस्तावित है। जिसका शीषक "An International on line Jorunal Pt. Deen Dayal Upadhyay Shodh Patrika" है। इसके ISSN NO. हेतु National Library में आवेदन किया जा चुका है।
5. पं0 दीन दयाल उपाध्याय का वैचारिक अर्थ-संकल्पीय नीति शीर्षक पर एक पुस्तक शोधपीठ की सदस्य डॉ0 पूनम चौधरी द्वारा प्रकाशित की गयी, जिसको शोध छात्रों को उपलब्ध कराई जायेगी यह पुस्तक उनके लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है।
6. पं0 दीन दयाल उपाध्याय शोध पीठ द्वारा 24 मार्च 2021 को पं0 दीन दयाल उपाध्याय एवं एकात्म मानववाद संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता माननीय संजय जी अखिल भारतीय इतिहास संकल्प योजना विशिष्ट वक्ता प्रो0 राजेश कुमार नायक जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा बिहार थे। जिसकी समन्वयक प्रो0 चन्दना डे थी।
7. पं0 दीन दयाल उपाध्याय जी के विचारों से सम्बन्धित डॉ0 तनु डंग सहायक आचार्य पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग को ICSSR से एक लघु शोध परियोजना स्वीकृति की गयी थी जो अब पूर्ण हो चुकी है जिसे छात्रों के उपयोगार्थ वाचनालय में उपलब्ध करायी जायेगी, "Topic- Analysis of Access Exposure and Communication Gaps".
8. एक राष्ट्रीय वेबिनार जिसका विषय "एकात्म मानव दर्शन का वैज्ञानिक पक्ष" तथा जिसके मुख्य वक्ता प्रो0 पवन शर्मा, मेरठ विश्वविद्यालय होंगे दिनांक 09.07.2021 को प्रस्तावित है, जिसकी समन्वयक प्रो0 चन्दना डे है।

भवदीया,

(प्रो0 चन्दना डे)
निदेशक,
पं0 दीन दयाल उपाध्याय शोधपीठ।

Scanned with Ca